SHRI SUKOMAL SEN: Yes, yes. We are trying to be ideal. But I want to follow you first. I gave one example only. I have got many examples. In the Chit-taranjan Locomotive Works, they used to produce electric locomotives and diesel engines. They have enough capacity; they have good technicians and the pro-duction is also increasing. They have got good technology. But now, they hare decided that diesel engines should not be produced there. Not only that, other units are also being closed 'down. In another unifg they used to purchase from casting from the CLW. Now that too has been stopped. They are purchasing it from somewhere else. They are importing engines from other countries. You know about the ABB deal. Sir, A big scandal was there, I do not want to deal with that. But you know very well as to what was the interest of the Ministry to enter into the ABB deal when our own units can produce these engines. What is the difficulty? But they preferred to bring it from other countries. You know it very well. Sir, I dont want to elaborate it.

Then what is the behaviour of the staff? Their behaviour is very inhuman. There was an agitation by the staff for improving the service conditions. More than 800 people were dismissed from service. Mr. Jaffer Sharief is here. Can he deny what he said in Lok Sabha? He gave an assurance but he did not fulfil that. Nobody has been reinstated.

Not only that, if the Supreme Court judgement conies in favourr of somebody, if the High Court judgement come in favour of somebody, will the Minister consider their reinstatement? For many employees, the judgement has come in the newspapers. But even then, on humanitarian grounds also, those people have not been reinstated. This is how they are functioning. If this is the behaviour of the staff, how can the Railways function properly?

The RPF union has been demanding accommodation. They are not given accommodation. The newspaper report says that they have decided *to* reduce four lakhs of staff in the Railways in the next two or three years. I do not know whether this news is correct or not. But it has come in the newspapers. Perhaps it is at the dictates of the World Bank or the IMF that stiff should be reduced and they are contemplating reduction in staff. This is how the Railway Administration is behaving.

Now. I come to my State. Sir, between Calcutta and Delhi, for several years, there has been no- increase in train ser vice. The Rajdhani Express was intro duced long back .It is still continuing for five days a week. Even that has not beeo made daily. What is the difficulty at least to run the Rajdhani Express bet ween Howrah-Delhi on a daily basis? That is not being done. On the contra ry, the Rajdhani Express is being reduced to the- level of a passenger train by increasing the number of stops in bet ween. As a result, the service of Rajdha ni Expres sis also deteriorating and they have not increased the frequency of the Rajdhani Express. That is why I demand that before we sanction these amounts, the Minister should tell us what actually he is going to, 4o about.the performance of the railways what, he is going[1] to do ab out reducing the number of accidents to a minimum, what he is going to ab out .the staff, particularly the dismissed staff, what he. is going *to* do about the resolution of . the RPF Union, what he .is going to do provldtef comfofcs to tine pksfcengens.

Particularly I would like to know from Mr. Jaffer Sharieff whether he is going to run Delhi-Howrah Rajdhani daily. For Bombay you have done it in triplicate. I don't compare, but for Calcutta at least you should run it daily. That Is my demand to you. I would like to know your ipinion in this regard.

श्री रामजी लाल (हरियाणा) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं सब से पहले एप्रोप्रिएशन (रेलवेज) बिल . . . (**व्यवधान**) . . .

उपसभाध्यक्ष (**श्री सत्य प्रकाश मालवीय**) : यह रामजी लाल की मेडन स्पीच है ।

श्री रामजी लाल : . . .नं. 3,1992 और नं. 4, 1992 को समर्थन देने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

सरकार को उसकी सफलताओं के लिए भी मैं बधाई देता हूं । आज के युग में आधुनिकीकरण , कंप्यूटराइजेशन प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है । फिर भी आज आप देखेंगे कि जहां रेजर्वेशन के लिए कहीं हम जायेंगे, जैसा कि मुझसे पहले बोलने वाले माननीय सदस्यों ने कहा था कि हम टिकट लेने के लिए कहीं जायेंगे, तो उस समय टिकट नहीं मिलेगा, लेकिन थोड़ी देर बाद वहां जो एजेन्ट मिलते हैं, वह प्रीमियम लेकर टिकट बेचते फिरते हैं । यह कमी जो हमारी रेलवे में है, उसे दूर करना चाहिए ।

इसके अलावा रेजर्वेशन, जैसा मैंने कहा, इसके साथ-साथ यह देखने में आता है कि रेजर्वेशन के दलाल जो हैं, वह बार-बार घूमते रहते हैं । अफसरों को बार-बार कहा भी जाता है, लेकिन अफसर अभी तक इन पर काबू नहीं कर पाये ।

तो मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से चाहूंगा कि वह किसी तरह इन दलालों की दलाली समाप्त करवायें ।

इसके अतिरिक्त, कल जैसे हाऊस में बात आई कैटरिंग के बारे में--उसके लिए भी मैं कहूंगा कि कल काफी बहस हुई है । इसमें भी रेलवे में काफी कमियां हैं । जब वहां जाते हैं, सब लोग देखते हैं कि काफी

दिक्कतें आती हैं । तो मैं इस पर ज्यादा न कहते हुए, क्योंकि कल इस बात पर बहस हो चुकी है, यह कहना चाहूंगा कि इसका भी सुधार किया जाए ।

हमारी हरियाणा स्टेट, जो डिवेल्पिंग स्टेट है, लेकिन रेलवे के बारे में जहां हमारा हरियाणा का डिस्ट्रिक हिसार राजस्थान के साथ जुड़ा हुआ है, आज देश को स्वतंत्र हुए 45 साल हो गये हैं, लेकिन वहां पर एक छोटी लाईन है, कोई बड़ी लाईन नहीं है। वहां पर फाडर की बड़ी मंडी है, ग्राम की भी है । इतना बड़ा शहर होने के बावजूद भी वहां पर रेलवे की उचित सहूलियत नहीं है ।

मैं आपके द्वारा माननीय रेलवे मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि हिसार जिला को बड़ी रेलवे लाईन की सुविधा दी जाए । वहां से एक लाईन मादरा, जो राजस्थान में पड़ता है, मादरा से आदमपुर, आदमपुर से फतेहाबाद और फतेहाबाद से जाखल तक लाई जा सकती है । महोदय, मैं आपके द्वारा इसकी ओर ध्यान दिलाना चाहूंगा कि वहां पर रेलवे की कोई भी सुविधा नहीं मिली है । इसके बारे में माननीय मंत्री जी ध्यान दें कि इसको कोई प्रावधान है या नहीं ? अगर नहीं है तो क्या किया जाए ।

इसके अलावा भी प्रभावशाली रेलवे के अंदर कार्य किये गये हैं, जो देखने को मिलते हैं । लेकिन जिस तरह से मैंने कहा कि बैकवर्ड एरिया के लिए सरकार करती है, उसके लिए भी जरूरी है । राजस्थान के साथ जो हमारा हिसार जिला लगता है, वह भी बैकवर्ड एरिया में आता है ।उसके जहां से भी हम आपसे प्रार्थना करेंगे, महोदय आपके द्वारा मंत्री जी से मैं प्रार्थना करूंगा कि उस पर जरुर ध्यान दें । अगर रेलवे लाईन हो, रेल सुविधा एक और भी होती है कि दूसरे जहां से यह कोटरें की मंडी है वहां उनका भार ले जाने और ले आने में किराए का खर्चा कम पड़ता है । इसलिए इस जमाने में रेलवे सब से सस्ता है, सब से कम किराया रेलवे का है । चाहे बोझ ढोने का हो या किसी सवारी का हो । जैसे इंजन की बात आई । ईंजन हमारे देश में, हम आपको भी यह कहते हैं कि सुई से इंजन तक हमारे देश में बनता है । सन् 1947 से पहले कोई चीज नहीं बनती थी और आज भी हम कहते हैं कि सुई से लेकर इंजन तक यहां बनता है । जब सारी चीजें हमारे देश में बनती हैं तो बाहर से चीजें क्यों मंगाई जाएं । मैं इसका समर्थन करता हूं कि जो देश में चीज बनने वाली है तो बाहर से कोई चीज न मंगाई जाए । बी०एच० ई० एल० जैसे जो इतनी बड़ी हमारी फैक्ट्रियां हैं वहां से सारी चीजें बन सकती ।

प्लेटफॉम के विषय पर भी जरूर ध्यान देना चाहिए । जब आप स्टेशन पर जायगे तो आप देखेंगे कि प्लेटफार्म भी साथ-सुथरा और ठीक है या नहीं ? अपने देश मे कहीं पर भी हमे स्वच्छ प्लेटफार्म दिखाई नहीं देंगे । पहले माननीय सदस्य ने कहा था कि गाड़ियों मे और पैसेंजर गाड़ियों मे जो भीड़ है वह आगे ही बहुत ज्यादा है कई गाड़ियां तो पैसेंजर गाड़ियां जितनी होती हैं, उनमे कोई सवारी चढ़ ही नहीं सकती महोदय, इसकी ओर भी मंत्री जी ध्यान देंगे। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं पहले आपसे कह चुका हूं कि इस तरफ रेलवे के बारे में जितनी सुविधाएं दी जाएं उतनी थोड़ी हैं ।

इन शब्दों के साथ, मैं इन एप्रोप्रिएशन बिल्ज (रेलवेज) का समर्थन करता हूं । उपसभाध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया ।

श्री ईश दत्त यादव : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, रेलवे विभाग इस देश का और सरकार का सबसे बड़ा विभाग है और इस देश के विकास के लिये या किसी भी देश के विकास के लिये रेलवे विभाग का बड़ा होना, इसका नियमित होना और इसका अच्छा काम होना बहुत ही शुभसूचक होता है । लेकिन, मान्यवर, इस देश में लोगों की यह धारणा है कि रेलवे विभाग तो बड़ा विभाग जरूर है, लेकिन इससे ज्यादा लापरवाह विभाग भी सरकार का और कोई नहीं हो सकता । महोदय, वियोग थेरेल) संख्यांक 4 विधेयकसेजो 6रेल मंत्रोथ मंत्री जी ने प्रस्तुत किया है इसमें कहा है कि 31 मार्च 1989 को जो वर्ष समाप्त हो गया उसके लिये सरकारी

[श्री ईश दत्त यादव]

खजाने से संचित निधि से 104 करोड़ 97 लाख 37 हजार 1 रुपये की संसद् द्वारा स्वीकृति दी जाए। मान्यवर, यह खर्चा इस रेल मंत्री जी के समय का नहीं है और न ही मौजूदा सरकार के समय का है, बकि यह व्यय 1989 का है और मैं समझता हूं कि उस समय इस देश में चार सरकारें बदल गईं, चार प्रधान मंत्री हो गये और चार रेल मंत्री हो गये, लेकिन रेलवे डिपार्टमेंट ने इस पर ध्यान नही दिया कि उन्होंने 104 करोड़ 97 लाख 37 हजार 1 रुपया अधिक नजायज खर्च कर दिया है और इसकी संसद से मंजूरी लेनी चाहिये । रेलवे विभाग के दिमाग में, ध्यान में यह बात कब आई है जब पब्लिक एकाउंट्स कमेटी की 19वीं रिपोर्ट लोक सभा में इस वर्ष 29-4-92 को प्रस्तुत कर दी गई। तब संभवत: रेल मंत्री जी को भी जानकारी हुई होगी और तभी रेलवे विभाग को भी यह ध्यान आया होगा कि यह जो 31 मार्च, 1989 में व्यय किया गया इसकी मंजूरी सदन से लेनी चाहिये । इसलिये मान्यवर, मेरा आपके माध्यम से और माननीय रेल मंत्री जी और रेल राज्य मंत्री जी से यह सुझाव है, निवेदन है, कि आप लोग थोड़ा इस विषय मैं साहस करें और इस विधेयक को, जो विनियोग संख्यांक 4 (रेल) विधेयक, 1992 है, इसको कृपा करके वापस ले लें और रेलवे विभाग के जो लोग इसके जिम्मेदार हैं, जिन्होंने वर्ष 1989 से लेकर आज तक सरकार के ध्यान में नहीं लाया, जो भी तरीका आपके पास हो उस तरीके से उनसे निपटें या उनसे इस धन को रिएलाइज करें । अगर आप प्रतिष्ठा का ही प्रश्न बना रहे हैं कि नहीं, हमने विधेयक पेश कर दिया है और इसको पास होना ही चाहिये, तो मेरा अनुरोध हैं कि आप दोनों काम कर सकते हैं कि केवल एक रुपये के लिये प्रेस करें, यह जो 104,97,35,001 रुपया है इसमें से एक रुपये की स्वीकृति आप संसद से ले लीजिये और बाकी रुपये की वसूली आप जो अधिकारी या कर्मचारी था जो भी इसके लिये जिम्मेदारी हैं उनसे, रिएलाइज करने का काम करें । यह साहस आप दिखलाइये ताकि आपके विभाग के ऊपर जो लापरवाही का बराबर आरोप लगता है उस आरोप को दूर करने मैं आप कामयाब हो सकें ।

महोदय, चूंकि यह विनियोग विधेयक है इस पर लंबी चर्चा नहीं हो सकती, लेकिन इस सरकार के आने के बाद, मैं समझता हूं, ट्रेनों के चलने में कोई प्रगति नहीं हुई है । जो ट्रेनें लेट चलती थीं, लेट चल रहीं हैं। ट्रेनें कई तरह की हैं – सुपर फास्ट ट्रेन है, फास्ट ट्रेन है, मेल है, पेसेंजर है। मान्यवर, यह ट्रेनें जब चलती हैं अपने स्थान से गन्तव्य स्थान को, तो इनका जो वर्गीकरण किया गया है, इन वर्गीकरण का कोई मायने नहीं रहता चाहे वह सुपर फास्ट हो, फास्ट हो, मेल हो या पेसेंजर ट्रेन हो। सभी ट्रेन एक तरह से चलती है। वह लेट चलती हैं और लेट पहुचती हैं। मैं समझता हूं कि माननीय रेल मंत्री जी को स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं होगी । मैं आपके माध्यम से उनसे अनुरोध करूंगा कि कम से कम इस व्यवस्था में, आप अपने डिपार्टमेंट में सुधार कर दें कि रेलें समय पर चलने लगें ।

मान्यवर, रेलें समय से क्यों नहीं चलती ? मेरी जानकारी में एक ही ट्रेन है और उसी को कई-कई रूट पर चलाते हैं, अलग-अलग नाम बदल कर चलाते हैं । मंत्री जी आंकड़ें प्रस्तुत कर देंगे कि हम चार रेल चला रहे हैं, जब कि रेल एक है और उसी को चार रूट पर चलायेंगे और गिनती में चार कर देंगे । फिर ट्रेन का लेट चलना तो स्वाभाविक है । मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा, केवल एक ट्रेन का उदाहरण देना चाहता हूं । एक ट्रेन चलती है अमृतसर से दिल्ली और जब यह अमृतसर से दिल्ली चलेगी तो उसका नाम फ्लाइंग मेल और जब दिल्ली से गोरखपुर और समस्तीपुर जायेगी तब उसका नाम शहीद एक्सप्रेस और वही ट्रेन जब चार दिन

दिल्ली से बनारस होते हुये और आगे जायेगी तो उसी का नाम सरयू-यमुना एक्सप्रेस हो जाता है। फिर, उसी को जब सुल्तानपुर रूट से निकाल देंगे तो उसका नाम दूसरा हो जायेगा। ट्रेन एक है, रास्ते चार हैं। विलंब होना जरूरी है। रेल मंत्री जी केवल आंकड़े प्रस्तुत कर दें देश के सामने कि हमने इतनी ट्रेन चला दीं तो इससे कोई सुधार होने वाला नहीं है। इसलिये मैं आपसे अनुरोध कर रहा था कि जो रेलें विलंब से चल रही हैं, जिनसे देश को और यात्रियों को बड़ी क्षति हो रही है, उसमें आप सुधार कर दें।

दूसरा, मान्यवर, मैं यह निवेदन कर रहा था कि डिब्बों की हालत बहुत खराब है चाहे वह फर्स्ट क्लास के हों चाहे सेकेंड क्लास के। फर्स्ट क्लास की हालत तो, मान्यवर, मत पूछिये। इसमें आपको, हमको और सबको चलने का अवसर मिलता है और जब आप रेल मंत्री जी नहीं थे आप भी चलते रहे होंगे। मैं अनुरोध करूंगा कि बिना किसी सूचना के, बिना अपने डिपार्टमेंट को सूचित किये हुये रेल मंत्री दिल्ली से कहीं के लिये एक दिन फर्स्ट क्लास से चलें और एक दिन सेकेंड क्लास में चलें, कम से कम रेल राज्य मंत्री जी ही चल करके रिपोर्ट दे दें रेल मंत्री जी को।

श्री मल्लिकार्जुन : आप ही के साथ चलेंगे।

श्री ईश दत्त यादव : यह देखें कि किस तरह से फर्स्ट क्लास की हालत है, बाथरूम टूटे हुये, दरवाजे टूटे हुये, सीट कटी हुई, खटमल पड़े हुये। कोई व्यवस्था नहीं है रेलों के अन्दर। इसके लिये इनको चिंतित होना चाहिये कि फर्स्ट क्लास और सेकेंड क्लास में भी पैसेंजर चलते हैं और उनकी ओर इनका ध्यान जाना चाहिये। रेलों में अपराध हो रहे हैं, स्टेशन पर गन्दगी हो रही है, और मैं नहीं समझता कि इसमें आज तक इन रेल मंत्री जी के जमाने में कोई सुधार हुआ हो। मैं रेल मंत्री जी को दोष नहीं देना चाहता, इनका महकमा बहुत बड़ा महकमा है ....इनके नीचे के अधिकारी लोग, जिनकी जिम्मेदारी है रेलों में अपराध रोकने के लिये, जिनकी जिम्मेदारी है ट्रेन में सुरक्षा के लिये, जिनकी जिम्मेदारी है अच्छे खान-पान के लिये, कोई भी उसका निर्वाह नहीं कर रहा है और रेल चल रही हैं वैसे ही विभाग चल रहा है, वैसे ही रेल मंत्री जी इसको चला रहे हैं। बार-बार इस सदन में बहस होती है, लोक सभा में बहस होती है, पब्लिक में चर्चा होती है, मैं अनुरोध करूंगा, मान्यवर, आपके माध्यम से कि रेलों में जो अव्यवस्था है, उसकी ओर मंत्री जी ध्यान दें।

एक और महत्वपूर्ण विषय की ओर आपके माध्यम से रेल मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि काशी इस देश की सबसे प्राचीन नगरी है और शायद इतिहास में जो इस देश में पांच नगरियां मिलती थीं, अब तो पूरा देश शहर हो रहा है, जो पांच नगरियां थीं, तो काशी और बनारस उनमें थे। मैं धन्यवाद देना चाहूंगा कि स्वर्गीय श्री कमलापति त्रिपाठी जी को, जिन्होंने वाराणसी को, केन्द्र मानकर के पूरे देश के लिए वहां से ट्रेनें चलाई थीं। वहां से, बनारस से ट्रेनें ओरिजिनेट होती थी और बनारस में जाकर एण्ड होती थीं। लेकिन माननीय रेल मंत्री जी आपका करिश्मा है, माननीय रेल मंत्री जी का यह करिश्मा मुझको लगता है, कि एक ट्रेन काशी-विश्वनाथ को छोड़कर, बाकी सारी ट्रेनें जो बनारस से ओरिजिनेट हो रही थीं, उन सबको आपने बढ़ाया, एक्सटेंड कर दिया और कोई ट्रेन न एण्ड करेगी बनारस में और ओरिजिनेट बनेगी बनारस में। बनारस एक बहुत बड़ा मरकज है, बहुत बड़ा केन्द्र है, उत्तर प्रदेश का और पूर्वी उत्तर प्रदेश का, जिसका संबंध हिन्दुस्तान से है। यहां से ट्रेनें ओरिजिनेट हो रही थीं, सबको आपने खत्म कर दिया—गंगा-जमुना को बढ़ा दिया, सरयू-जमुना को बढ़ा दिया, काशी-दादर को आगे बढ़ा दिया। बहुत ट्रेनें, 10 ट्रेनें चलती थीं, मेरी जानकारी में, लेकिन कोई ट्रेन अब बनारस से चलने वाली नहीं है। यात्रियों को जो असुविधा

होती है, उनको जो कठिनाई होती है, मान्यवर, उसकी ओर ध्यान दें।

मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा, कि हनुमनतप्पा जी चले गए, उन्होंने आपको प्रोत्साहित किया कि आप बेधड़क कर्नाटक के विकास की ओर ध्यान दें, रेलों के विकास की ओर ध्यान दें, मुझे इसमें कोई एतराज नहीं है। आप दक्षिण भारत में रेलों का जाल बिछायें, मुझे इसमें भी कोई एतराज नहीं है। पूरे देश में आप.....**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : आप कृपया समाप्त करें।

श्री रफीक आलम (बिहार) : अभी तो बनारस ही पहुंचे हैं।

श्री ईश दत्त यादव : पूरे देश में आप रेलों का जाल बिछा दें, मुझे इसमें एतराज नहीं है, लेकिन बिहार की समस्या के प्रति भी आपको चिन्तित होना चाहिये, लेकिन आप पार्टी में बंधे हैं, इसलिये आपकी मजबूरी है, कमांड करना। ..**(व्यवधान)** मैं निवेदन कर रहा था कि पूरे देश में आप रेलों का जाल बिछा दें, लेकिन मान्यवर, मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि वे क्षेत्रीय असंतुलन मत होने दें। क्षेत्रीय असंतुलन होगा, तो आपके ऊपर, आपकी सरकार के ऊपर और इस देश के प्रधान मंत्री के ऊपर आरोप होगा। मान्यवर, आज मैं लोक सभा में दिया गया आपका कल का भाषण पढ़ रहा था। लोक सभा में कल जो आपने भाषण दिया है, विनियोग विधेयक के संबंध में, उस पूरे भाषण को तो मैं उद्धत नहीं करता, लेकिन उस भाषण में आपके जो कुछ अंश है, उनको मैं बताना चाहता हूं कि आपका भाषण कितना हास्यास्पद है और कितना क्षेत्रीय असंतुलन को बढ़ाने वाला है। यह रेलवे एक्शन प्लान आठवीं पंच वर्षीय योजना के लिय बनाया था, संभवत: 11 हजार किलोमीटर का, 1200 किलोमीटर प्रथम वर्ष में आप बनायेंगे और इसमें मद्रास से त्रिचेरापल्ली तक 337 किलोमीटर की छोटी लाइन को बड़ी रेल लाइन में आप परिवर्तित करेंगे, दक्षिण भारत में और कोटकपुरा-फाजिल्का, पंजाब में है, वहां तो आप 337 किलोमीटर को छोटी लाइन से बड़ी लाइन में कर रहे हैं और यहां पंजाब में आप 80 किलोमीटर छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित कर रहे हैं। वहां आप 200 करोड़ रुपये खर्चा कर रहे हैं और यहां आप 30 करोड़ रुपये खर्चा कर रहे हैं। आपके भाषण में एक तीसरी रेल लाइन का भी जिक्र है, जिसको छोटी रेल लाइन से बड़ी रेल लाइन में परिवर्तित करेंगे, वह है पूर्णिया-कोसिला रेल लाइन। यह 35 किलोमीटर है और इस पर आप 20 करोड़ रुपये खर्चा करेंगे। मैं निवेदन कर रहा था कि आप पूर्ण भारत के रेल मंत्री हैं और आप सम्पूर्ण भारत का ध्यान रखिये। मऊ से शाहगंज की रेल लाइन है, 99 किलोमीटर, इलाहाबाद से बनारस की रेल लाइन 124 किलोमीटर है। बार-बार इस सदन में चर्चा हुई, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश के सांसदों ने, जनता ने आपसे मांग की। जब श्री जनेश्वर मिश्र जी रेल मंत्री थे, उन्होंने लोक सभा में वोट आन एकाउण्ट के समय घोषणा भी की थी कि यह रेल लाईन छोटी रेल लाईन से बड़ी रेल लाईन में परिवर्तित करने के लिए ले ली जाएगी। परन्तु आपने आइडिया ड्राप कर दिया। बार-बार आपसे सिफारिश की गई कि यह 99 किलोमीटर की जो मऊ-शाहगन्ज तक की रेल लाईन है, वह अगर बन जाएगी तो तीन-चार जिले-आजमगढ़, सेजौनपुर, शाहगन्ज और सुलतानपुर जो पूरे हिन्दुस्तान से कटे हुए हैं, उनका पूरे हिन्दुस्तान से सम्बन्ध हो जाएगा। इससे इन जिलों के उद्योग-धंधों का विकास हो जाएगा और इन जिलों में आसाम से, दिल्ली से और कलकत्ता आदि से जो ट्रेन आयेंगी, वे इधर से कनेक्ट होकर के सभी स्थानों की दूरी कम हो जाएगी, लेकिन इस पर आपने कभी ध्यान नहीं दिया। इसका सर्वे सन् 1980 में हुआ था। इसमें कोई बड़ा रेल पुल भी नहीं

है। इस पर आपका खर्चा भी कम पड़ेगा। इसलिए मेरा अनुरोध है कि मऊ से शाहगंज की छोटी रेल लाईन को बड़ी रेल लाईन में परिवर्तित करने के लिए घोषणा कर दें। इलाहाबाद से बनारस की छोटी रेल लाइन को बड़ी रेल लाईन में . . . **(व्यवधान)**

श्री सी०के० जाफर शरीफ : उसके बारे में घोषणा हो चुकी है शायद आपको उसका इल्म नही है।

श्री ईश दत्त यादव : नही, मान्यवर, मुझको खूब इल्म है। इसके लिए मैं आपको मुबाकरबाद देना चाहता हूं, धन्यवाद देना चाहता हूं। इत्तफाक से मैं वह उत्तर यहां साथ नहीं लाया, जो रेल राज्य मंत्री जी ने पिछले सत्र मे मुझको उत्तर दिया था कि मऊ से शाहगंज की रेल लाईन को इस पंचवर्षीय योजना में बनाने का अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। आपको तो अब मैं धन्यवाद दे रहा हूं कि आप सदन में घोषणा कर रहे हैं और जब अब घोषणा करदी है तो आप इसको पूरा भी करेंगे। लेकिन आपके रेल राज्य मंत्री जी ने पिछले सत्र में यही उत्तर दिया था कि अभी इसके बारे में कोई योजना विचाराधीन नहीं है।

उपसभाध्यक्ष जी, इससे पहले कि आप घंटी बजायें, मैं अपनी बातें समाप्त करूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) घंटी तो मैं बजा चुका हूं।

श्री ईश दत्त यादव : केवल दो मिनट का समय और लेना चाहूंगा, मान्यवर। जो छितौनी बगहा पुल है, आज से दस साल पहले उसका उद्घाटन पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीया श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया था। जब जार्ज फर्नांडीज जी रेल मंत्री थे, उन्होंने इसका शुभारम्भ कर दिया था। बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने के लिए बगहा छितौनी से बड़ा कोई माध्यम नहीं हो सकता, और कोई साधन नहीं हो सकता। लेकिन जब बजट में सिलाई करदी गई, कटौती कर दी गई और जो काम तेजी पर चल रहा था, वह काम एकदम ठप्प हो गया। इसलिए मेरा अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश और बिहारपर भी कृपा करने की कोशिश करें।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं एक अंतिम बात और कहना चाहता हूं जो थोड़ी कटू जरूर होगी। लेकिन देश हित में, राष्ट्र हित में और माननीय रेल मंत्री जी के स्पष्टीकरण के लिए मुझे यह कहना आवश्यक है। पिछले सत्र में यहाँ पर यह उठा था जब रेल बजट प्रस्तुत किया गया था, तब मैंने भी अपने भाषण में कहा था तथा बहुत से माननीय सदस्यों ने भी कहा था कि 6 हजार हॉर्स पावर के इंजन का जो मामला है, यह देश की जनता के मन में, दिल में, दिमाग में एक शंका पैदा कर रहा। आपने कोशिश की थी स्पष्टीकरण देने की, लेकिन मैं और देश के अन्य लोग आपके उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, संयोग से मेरे पास कुछ पत्रों की फोटो कापी हैं, अखबारों की कुछ कटिंग हैं, मैं इनको नहीं पढ़ना चाहता। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इत्तफाक से आपका ही पत्र है। आपने इस देश के प्रधान मंत्री, वित्त मंत्री और रेल मंत्री को, सबको पत्र लिखा था कि भेलहितेची का निविदा कैंसिल करके ए०बी०बी० को जो निविदा दी गई है, उसका कोई संतोषजनक उत्तर सरकार के पास नहीं है, रेल मंत्री के पास नहीं है। रेल मंत्री जी और इनके डिपार्टमेंट के ऊपर इस देश के लोगों की उंगली उठ रही है कि यह ईमानदारी का काम नहीं किया गया है। मान्यवर, 23 दिसम्बर, 91 को यह पत्र लिखा गया था। रेल मंत्री जी ने तो कोई ध्यान नहीं दिया और लगा कि प्रधान मंत्री जी ने आपके पत्र का नोटिस नहीं लिया और वित्त मंत्री का तो इस ओर ध्यान नहीं गया। लेकिन जब आपने दोबारा पत्र लिखा, सम्भवतः 7 फरवरी, 92 को, तो 9 फरवरी, 92 को रेल मंत्री जी ने आपके पत्र का जवाब भेजने की कोशिश की है। मैंने इस उत्तर को पूरा पढ़ा हैं, चार-पांच पेज में यह उत्तर है। लेकिन मान्यवर, आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आपका उत्तर और आपका स्पष्टीकरण

[श्री शरद दत्त यादव]

संतोषजनक नहीं लगता है। इसीलिए मैं अपनी बात समाप्त करते हुए माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि जब आप जवाब दें तब इस बात को जरूर स्पष्ट करदें। इतना बड़ा सौदा जिसके बारे में मेरे पास अखबारों की तमाम कटिंग्ज़ हैं, मैं किसी का उल्लेख करना नहीं चाहता, किसी को पढ़ना नहीं चाहता और पूरे देश में यह खबर छपी है हर महीने किसी न किसी पेपर में निकलता है, हर जगह चर्चा चलती है कि इतने बड़े सौदे को आपने ए.बी.बी. को क्यों दिया? जो आपके ऊपर आरोप लगते हैं भ्रष्टाचार के, वह गलत हैं या सही हैं? इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए धन्यवाद।

श्री मूलचन्द मीना : (राजस्थान) : पहले तो सर मैं निवेदन करना चाहूंगा कि मैं अपनी सीट से नहीं बल्कि आगे आकर बोल रहा हूं, मुझे इसकी इजाजत दें। अध्यक्ष महोदय, जो विनियोग विधेयक मंत्री जी सदन के अंदर लाए हैं, मैं इसका समर्थन करता हूं। साथ ही मैं अपने कुछ सुझाव भी देना चाहता हूं। महोदय, रेल हिंदुस्तान के यातायात का एक महत्वपूर्ण साधन है। हिंदुस्तान की जनता को सरल और कम पैसे में साधन मिलता है एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए, वह रेल ही है, और कोई दूसरा साधन नहीं है।

महोदय, नरसिंह राव जी की सरकार के आने के बाद और जाफर शरीफ साहब जब रेलवे मिनिस्टर बने तो लोगों के मन में यह आशा जगी थी कि हवाई जहाज में घूमने वाला, हवा में उड़ने वाला व्यक्ति नहीं बल्कि जमीन से जुड़ा हुआ एक व्यक्ति रेल मंत्री बना है और वह निश्चय ही गरीब लोगों को आर्थिक राहत दिलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने एक अनोखा कार्य किया भी है कि इस देश के अंदर जो मीटर गेज लाइन थी, उनको ब्रॉड गेज में चेंज करने की नीति बनाई। इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा; साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपकी कई रेल लाइनें ऐसी हैं जो घाटे में चल रही है। उनसे घाटा होता है। तो मेरा यह सुझाव है, और मैं कहना चाहूंगा कि इन लाइनों को अगर आप ब्रॉड गेज में चेंज कर दें और उसको थोड़ा आगे बढ़ायें तो निश्चित रूप से रेल विभाग लाभ की स्थिति में आ सकते हैं। जैसे धौलपुर से सरमथुरा के लिए 100 किलोमीटर लाइन है। इसको यदि 100 किलोमीटर और आगे बढ़ा देते हैं, तो करौली से दौसा को जोड़ देते हैं तो आपको निश्चय ही फायदा होगा। करौली में पत्थर मिलता है। चाहे हम राष्ट्रपति भवन की बात करें या पार्लियामेंट हाउस की बात करें, तो इन भवनों में पत्थर लगा है, वह धौलपुर, करौली और सरमथुरा का है। आज यह पत्थर एक्सपोर्ट भी होने लगा है। जितना ज्यादा पत्थर वहां से निकलगा, जितने व्यापारी वहां पर जायेंगे, उतना ही रेलवे को फायदा होग। तो आपसे निवेदन है कि इस रेलवे लाइन को धौलपुर से गंगापुर सिटी होते हुए दोसा से जोड़ें। महोदय, हमारे साथी माननीय अबरार अहमद साहब ने कहा था कि भारत के रेलवे स्टेशनों के अंदर गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन था। अंग्रेजों ने जब दिल्ली से बंबई के लिए रेल चलाई तो उस समय इस रेलवे स्टेशन को तकनीकी दृष्टि से और भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्टेशन के रूप में विकसित किया गया था। वहां पर लोको शैड है जहां इंजनों का रखरखाव होता है। वर्कशाप वहां लगाया गया और वहां पर माल ढोने और उतारने के जो साधन थे, वे भी लगाए गए लेकिन आज स्थिति कुछ दूसरी होने जा रही है। वहां के कर्मचारी यूनियन के लोगों ने वहां की जनता के लोगों ने आंदोलन किए और बंबई बोर्ड के लोग वहां पर आए, जो आला अफसर हैं, वे वहां पर आए, उनसे समझौता भी हुआ लेकिन कोटा मंडल के अंदर आपके कुछ अधिकारी ऐसे हैं जो इस समझौते को भी इम्प्लीमेंट नहीं करना चाहते और स्थिति यहां तक है कि, आप तो सर्वेसर्वा हो इस रेलवे विभाग के इसलिए आप से कहना चाहता हूं कि गंगापुर सिटी की जनता के साथ अन्याय न हो नहीं तो यह माना जाएग

[श्री सूरजमल मोना]

महोदय, कि दिए के नीचे अंधेरा ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री एम०ए० बेबी) : पीठासीन हुए] महोदय कोटा मंडल के लिए इंजनों के रख-रखाव के लिए एक कारखाना स्वीकृत किया था और उसे दिल्ली में लगा दिया यह कौन सी तुक है ? यह तुक केवल अधिकारियों और कर्मचारियों की है । उनको आने जाने में टी.ए., डी.ए. मिल जाए, उन के फायदे के लिए दिल्ली में कारखाना लगाया गया है । क्यों नहीं इसको गंगापुर सिटी में ले जाया जा सकता है जब कि वहां पर जगह भी है, साधन भी हैं । सारी ट्रेनें जो बंबई जाती थीं उनके इंजनों की जांच और सफाई वहां होती थी, पानी डाला जाता था, इंजन चेंज करने का काम, स्टाफ चेंज करने का काम भी गंगापुर सिटी में होता था। आज उसको एक फ्लाइंग स्टेशन बनाने की योजना बनाई है आज वहां के कर्मचारी जो रनिंग स्टाफ है उसको तो बयाना भेज दिया गया है । कारखाने, कैरिज और लोको शेड को दूसरी जगह स्थानांतरित कर रहे हैं। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि क्या इन लोगों की कुदृष्टि है उस स्टेशन के ऊपर कि उसको जबरदस्ती इस प्रकार से उजाड़ा जा रहा है। उस स्टेशन को उजाड़ने और राजनीतिक उद्देश्य से पिछली सरकार में ऐसे डिसीजन हुए थे, यह मैं आपको बताना चाहता हूं। वहां की जनता गरीब है, पिछड़े हुए लोग हैं, आदिवासी हैं, आदिवासी एरिया से यदि इस प्रकार से कारखाने, रेलवे के कारखाने हट जाएंगे तो वहां के आदिवासियों का विकास कैसे होगा ?

एक बात और मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो रेलें चलाई जाती हैं, चाहे वह सुपर फास्ट रेल हो, चाहे छोटी रेलें हों, इनका जो दृष्टिकोण है रेलों को स्टेशन पर रोकने का आप इसी से पता लगा सकते हैं कि आपने एक सुपर फास्ट रेल जिनामुहीन से इंदौर को चलाई थी मगर उसके रुकने का स्टेशन रामगंज मंडी हो सकता है, कोटा हो सकता है, गंगापुर सिटी नहीं । क्यों, क्या कारण है ? जब कि गंगापुर सिटी में राजस्थान की नंबर एक की कृषि मंडी है, नंबर एक की हिन्दुस्तान में पत्थर की मंडी होगी तो गंगापुर सिटी में होगी । कैलादेवी का एक बड़ा मेला जो हिन्दुस्तान में कहीं नहीं लगता है, करोड़ों लोग हर साल आते हैं, यात्री मेला कैलादेवी में लगता है जो गंगापुर से जुड़ा हुआ है । लेकिन समझ में नहीं आता आपके अधिकारियों और कर्मचारियों का क्या प्लान है । मंत्री जी आपको यह देखना पड़ेगा । आज से करीब एक महीने पहले हमने आधे दर्जन एम.पीज. ने आपको ज्ञापन भी दिया था कि इस प्रकार का दुर्व्यवहार वहां की जनता के अहित के लिए किया जा रहा है जब कि जितनी भी गाड़ियां वहां से जाती थीं वहां पर रुकती थीं । लेकिन आज स्थिति यह है कि वहां पर एक सुपर फास्ट ट्रेन का रुकना भी बंद हो रहा है । वहां का व्यापार ठप्प हो रहा है, वहां के धंधे कम हो रहे हैं। इसलिए मंत्री जी मैं निवेदन करूंगा कि इन ट्रेनों को वहां पर रोकें और उस स्टेशन को जैसे पहले था, जहां इंजन रख-रखाव का कारखाना था जिसको दिल्ली में डाला गया है, उसको गंगापुर सिटी ले जाया जाए ।

इसके साथ ही आज वहां पर एक खाद का कारखाना लगने की बात थी सवाई माधोपुर में लेकिन टाइगर प्रोजेक्ट की वजह से वह खाद का कारखाना भी कोटा चला गया । इसलिए उस जिले की स्थिति बहुत खराब है । वह आदिवासी जिला है उस जिले में कोई भी कारखाना नहीं लगा सकता । इसलिए आपसे निवेदन है कि जो डिब्बों का कारखाना आप कोटा मंडल के लिए दें उसे गंगापुर सिटी में लगाया जाए ।

इसके साथ ही मैं रेलवे के बारे में और कहना चाहूंगा कि आपके रेलवे विभाग के अंदर शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज के कर्मचारी भी रहते हैं, उनको मकान जो कर्मचारियों को मिलने चाहिए उनको मकान भी आपके अधिकारी एलाट नहीं करते हैं । आपको यह बता देना चाहता हूं कि 1990 से अब तक दो साल के अंदर दिल्ली, बंबई, कलकत्ता

और मद्रास जैसे बड़े शहरों के अंदर रेलवे में हजारों मकान एलाट किए होंगे, हजारों मकान कर्मचारियों को दिए होंगे मगर एक भी मकान शैड्ल्ड कास्ट और शैड्ल्ड ट्राइब्ज के लोगों को आपके विभाग के लोगों ने नहीं दिए जब कि उनके लिए रिजर्वेशन है, रोस्टर प्रणाली का प्रयोग करना चाहिए। नहीं करते हैं वे लोग। मंत्री जी आप जमीन से जुड़े हुए हैं इसलिए लोगों को आपसे आशा है। शैडयूल्ड कास्ट्स और शैडयूल्ड ट्राइब्स को आपसे विशेष आशाएं हैं। उनके जो अधिकार हैं उनको दिलाने की आप कोशिश करेंगे।

इसके साथ ही मैं यह कहना चाहता हूं कि जो प्लेट फार्म हैं उनकी स्थिति बहुत खराब है। वहां बहुत गंदगी रहती है जबकि आपने सफाई की व्यवस्था के लिए आदमी रखे हुए हैं। या तो वे लापरवाह हैं जो काम नहीं करना चाहते, ये क्या बात है फिर भी आप रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म की सफाई के लिए विशेष ध्यान दिलवायें।

कल आधे घंटे की चर्चा में कैंटीन में सुधार लाने की बात आई थी। चाय ले लीजिए, काफी ले लीजिए वह ठीक नहीं मिलती। खाना तो बिल्कुल भी ठीक नहीं होता। इसलिए इन चीजों की तरफ आपको ध्यान देना चाहिए।

रेल कर्मचारियों के लिए दो हजार मकान गंगापुर सिटी में बने हुए हैं। यदि दूसरी जगह उन कर्मचारियों को भेजेंगे तो आपको दो हजार मकान और बनाने पड़ेंगे और इससे आपके रेलवे को घाटा होगा। मैं चाहता हूं रेलवे का लाभ हो नुकसान न हो। आप यह विनियोग विधेयक लाये इसके लिए धन्यवाद लेकिन जो इसमें सुधार लाने की जरूरत है उसमें तत्परता लायें और जो अधिकारी रेलवे की जो भूमिका है, अच्छी भूमिका है उसका सद-पयोग नहीं करते उनके खिलाफ एक्शन लें इतना ही कहकर मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। जयहिन्द।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRi M. A. BABY): Shri Gaya Singh.

SHRI N. GIRI PRASAD) (Andhra Pradesh): This is his maiden speech.

श्री गया सिंह (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अभी जो विनियोग विधेयक हमारे सामने है उसे लोक सभा ने पास कर दिया है। यहां पर अभी जो माननीय सदस्यों ने चर्चा की और मैं भी समझता हूं कि आज देश की सबसे बड़ी आय का साधन रेलवे है इसलिए उसके संबंध में कुछ सुझाव मंत्री जी को दूं। हम 9 अगस्त से देश में क्विट इंडिया समारोह कर रहे हैं आजादी के इतने दिनों के बाद। इस बीच आम लोगों के लिए सुविधायें बढ़ी हैं, रेलवे लाइन का विस्तार हुआ है, नई-नई रेल गाड़ियां भी चलाई गई हैं। लेकिन इसके बावजूद भी हम यह कह सकते हैं कि आजादी के पहले अंग्रेजों ने भी इस मुल्क में रेल लाइनों का विस्तार किया था अपने हित में। आम जनता के हित में कम अपने हित में ज्यादा। आज रेल मंत्रालय की ओर से जो विस्तार किया गया है फर्स्ट फाइव ईयर प्लान के बाद अगर हम देखें तो फर्स्ट, सेकिन्ड और थर्ड फाइव ईयर प्लान तक इस मुल्क में जिस तेजी से रेलवे का विस्तार हुआ है, नई-नई गाड़ियां चलाई गई हैं उतनी फोर्थ फाइव ईयर प्लान के बाद से लेकर यह ठीक है रेल गाड़ियों में वृद्धि हुई है, पैसेन्जर गाड़ियां बढ़ी हैं, माल गाड़ियां बढ़ी हैं पर दूसरी ओर जो सुविधायें मिल रही थीं चाहे काम करने वाले कर्मचारियों को हों या आम जनता को हों वे सुविधायें कम हो गई हैं। इस बारे में बहुत सी चर्चा हुई है।

अभी हमारे कर्नाटक के दक्षिण भारत के कुछ माननीय सदस्य ने चर्चा की वहां विस्तार होना चाहिए मैं भी इसका समर्थन करता हूं लेकिन बिहार के अंदर का भी मैं आपको उदाहरण देना चाहता हूं। मंत्री जी का ध्यान उस तरफ भी थोड़ा जाना चाहिए। बिहार में आबादी काफी बड़ी है। देश का एक बड़ा हिस्सा है। औद्योगिक क्षेत्र है। रा-मेटीरियल, कोयला

और दूसरी चीजें वहां से पूरे देश को जाती हैं। लेकिन रेलवे का विकास और रेलवे का विस्तार जिस तरह से होना चाहिए था वह नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए दिल्ली से कलकत्ता के लिए गाड़ियां हैं और होनी चाहिए। दिल्ली से भुवनेश्वर के लिए गाड़ियां हैं। दिल्ली से गोहाटी के लिए गाड़ियां हैं जो बिहार होकर जाती हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि पटना से दिल्ली आने में जितना समय लगता है, कलकत्ता से हम जितने समय में रेल से दिल्ली आते हैं उससे ज्यादा समय लगता है। शायद माननीय मंत्री जी को मालूम नहीं है कि अभी जो एक ट्रेन यहां से मगध एक्सप्रैस पटना के लिए जाती है, लोग समझते हैं कि पटना के लिए तो चला दी है, लेकिन वह विक्रमशिला से जुड़ी हुई है। विक्रमशिला 12 घंटे लेट आती है तो पटना से 12 घंटे हमको दिल्ली लेट आना पड़ता है। हमारे लिए दूसरी ट्रेन है श्रमजीवी एक्सप्रैस जिसकी चर्चा की जाती है। वह लखनऊ होकर आती है और सिंगल लाइन है। वह भी एक रोज बाद आती है। बिहार जो इतना बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है वहां पर छोटा नागपुर के इलाके से पटना आने के लिए, बोकारो इतना बड़ा क्षेत्र है, टाटानगर इतना बड़ा क्षेत्र है, रांची इतना बड़ा क्षेत्र है, लेकिन माननीय मंत्री जी को मालूम नहीं है कि कई ऐसे जिले छोटा नागपुर में हैं जो रेल से जुड़े हुए नहीं हैं। बिहार के उत्तरी क्षेत्र की भी वही स्थिति है। दक्षिणी क्षेत्र की भी यही स्थिति है। बिहार में पटना जो राजधानी है, बहुत से जिले ऐसे हैं जहां पर लोगों को राजधानी आने के लिए काफी मुसीबत होती है। गया से पटना की दूरी बहुत कम है। फर्स्ट फाइव ईयर प्लान से एसुरेन्स दिया जाता रहा है कि पटना और गया के बीच लाइन का दोहरीकरण किया जाएगा, लेकिन अभी तक नहीं किया गया है। हम चाहते हैं कि बिहार का विकास देश के विकास के साथ जुड़ा हुआ है क्योंकि बिहार से कोयला पूरे देश में पावर प्लान्ट्स के लिए भेजा जाता है। इसलिए रेलवे के विस्तार के साथ-साथ देश का विकास और औद्योगिक विकास का संबंध इसके साथ जुड़ा हुआ है।

हम यह भी कहना चाहेंगे कि आज बिहार के अन्दर खास तौर से बहुत सारे ऐसे क्षेत्रों में स्थानीय समस्याएं उठ रही हैं जिनको रेलवे के विकास से हम दूर कर सकते हैं। इसलिए माननीय मंत्री जी से हम चाहते हैं कि इस ओर ध्यान दें और इसका सर्वांगीण विकास होना चाहिए। रेलवे के बारे में दक्षिण, उत्तर, पूर्व और पश्चिम का सवाल नहीं है। इस मुल्क में जो पिछड़े हुए इलाके हैं उनको विकास से जोड़ा जाना चाहिए। अगर एक दूसरी जगहों को हमें आवागमन के साधन मिलेंगे तो देश का विकास होगा।

हम आपके माध्यम से यह सवाल भी माननीय मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहते हैं कि आज रेलवे में जो सुविधायें अंग्रेजों के जमाने से थीं और कर्मचारियों को दी जा रही थीं उनमें भी कटौती हो रही है। दूसरी ओर पिछले 10 सालों के अन्दर माननीय मंत्री जी इस बात पर विचार करें कि रेलवे में रेलवे का विस्तार तो हुआ है, लेकिन उसके अनुपात में कर्मचारियों की संख्या में हाल के दिनों में बढ़ोत्तरी में कमी आई है। उसकी जगह पर आप निजीकरण की तरफ जा रहे हैं। रेलवे के अन्दर कंस्ट्रक्शन का परमानेन्ट स्टाफ है जिसमें पिछले 20 सालों से मजदूर काम कर रहे हैं। उनको न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जाती है। उनको दूसरी सुविधायें नहीं मिलती हैं। बीस साल के बाद भी उनके स्थायीकरण की कोई योजना रेलवे विभाग की और रेलवे बोर्ड की नहीं है। मैं समझता हूं कि पिछले 20 साल से, 25 साल से, काम करने वाले जो ये कर्मचारी हैं इनकी संख्या हजारों में है। ये रेलवे के विभिन्न रीजन्स में कंसट्रक्शन में काम करते हैं। आपको इनके स्थायीकरण पर विचार करना चाहिए और उनको जो दूसरी सुविधायें मिलनी चाहिएं वे उनको दी जानी चाहिएं। रेलवे में जो सुविधायें आप दूसरे कर्मचारियों को देते हैं वे उनको भी मिलनी चाहिए।

रेलवे के अन्दर रिजर्वेशन की बात माननीय सदस्यों ने की है। आज देखने में यही आता है कि प्लेटफार्म के अन्दर और दूसरी जगहों पर जो सुविधायें आम जनता को मिलनी चाहिए, वेलफेयर की सुविधायें, उनमें डिटोरिएशन आया है। उसकी तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है। अंतिम बात में यह कहना चाहता हूं कि हाल के दिनों में रेलों में तेजी के साथ क्राइम्स बढ़े हैं। जिस ढंग से क्राइम बढ़ते जा रहे हैं, डकैतियां हो रही हैं रेलों में, एक दो बार मौका मिला है देखने का कि डकैत किस तरह से डकैती करते हैं। मैंने देखा कि रेलवे पुलिस वहां है लेकिन जब डकैत उस डिब्बे में घुस रहे थे तो रेलवे पुलिस के आदमी दूसरे डिब्बे में चले गये और वहां उन्होंने एक एक पैसेंजर को लूट लिया। जब तक यह होता रहा तब तक कोई रेलवे पुलिस का आदमी वहां नहीं आया लेकिन जब वे डकैत चेन पुल कर आराम से गांव में चले गये तो उसके बाद पुलिस उस डिब्बे में आकर लोगों के हालचाल पूछना शुरू करती है। हम समझते हैं कि इससे जो रेलवे के पदाधिकारी हैं और जो रेलवे पुलिस है, इस तरह के क्राइम जो रेलों में हो रहे हैं, इसके लिये वे जिम्मेदार हैं। हमें आशा है कि रेलवे मंत्री जी, आज जो क्राइम रेलों में बढ़ रहे हैं, उसकी ओर भी ध्यान देंगे।

अंतिम बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि आज जो आम लोगों के सामान के साथ सरकारी संपत्ति माल गाड़ियों में भेजी जाती हैं उसमें भी, कई एरियाज हैं ऐसे जहां पहले से ही लोग लाइन को उखाड़ लेते हैं और गाड़ी को डीरेल कर देते हैं और सामान की चोरी करवाते हैं, लूट करवाते हैं। इसमें रेलवे के अन्दर जो रक्षा कर्मी हैं उनकी क्रिमनल के साथ कई एरियाज में सांठगांठ है और इसके कारण सरकारी सामान की लूट होती है। वे सरकारी संपत्ति को लुटवाने की बाकायदा योजना बनाते हैं।

महोदय, आपने जो मुझे समय दिया और माननीय मंत्री जी ने जो उसका सुना, उन्होंने मेरी बातों पर ध्यान भी दिया होगा,बात करने के बावजूद भी, तो वे इस पर विचार करेंगे। इन शब्दों के साथ मैं आपको पुनः धन्यवाद देता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री छोटूभाई पटेल : (गुजरात) : सर, 1991–92 में जो हमारे रेलवे मंत्रालय का परफार्मेंश था वह बहुत अच्छा और बढ़िया था। मैं चाहूंगा कि 1992–93 में भी हमारे रेल मंत्रालय का यही परफार्मेंश रहे, बल्कि इससे एक प्रतिशत ज्यादा बढ़े। महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि मंजूरी हाउस देगा ही, इसमें कोई सवाल उठता नहीं है मगर हर एक डिपार्टमेंट और हर एक मंत्रालय को जो एडमिनिस्ट्रेटिव और फाइनेंशियल डिसिप्लिन मेंटेन करना है, उसे वह मेंटेन करना चाहिये। कोई भी मंत्रालय जो रूल्स एंड रेगुलेशंस बनाते हैं, उसका वाइलेशन करना उसके लिये कोई अच्छी बात नहीं है। रेल मंत्रालय गेज कन्वर्जन के बारे में, इलेक्ट्रिफिकेशन के बारे में, टेक्नीकल अप-ग्रेडेशन के बारे में और लैंड युटिलाइजेशन के बारे में काफी बढ़िया कदम उठा रहा है, यह बड़ी अच्छी बात है। लेकिन इसका लाभ लोगों को किस तरह से पहुंचे, अच्छे परिणाम जल्दी, शीघ्र किस तरह से लोगों तक पहुंचे, इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिये।

महोदय, मैं फिगर्स के बारे में कुछ और बातें नहीं कहूंगा मगर दो-तीन चन्द बातें जरूर कहना चाहूंगा। हर वक्त हम कहते रहते हैं कि ट्रेन में खानपान और पानी के बारे में लेकिन कोचेज के रीस्ट्रचरिंग करने की जो बात है, उसके बारे में कुछ करने की जरूरत है। हमारे आफिसर्स किस तरह से काम करते हैं, मानखुर्द-वासी रेलवे जिसका

का अभी तीन महीने पहले हमारे आदरणीय राष्ट्रपति जी ने उद्घाटन किया था, उसमें अभी बारिस की वजह से जो खराबी आयी है, मेरा अनुरोध है कि इसके बारे में हमें गंभीरता से सोचना चाहिये। महोदय, 1983 से अब तक सूरत में पानी का जो अंडर-ग्राउंड टैंक था उसकी 6 अगस्त, 1992 के दिन उसकी सफाई की गई है। इससे वहां इतनी हानि लोगों को हुई है। मुझे लगता है कि इसके बारे में जो कोई जिम्मेदार है, उसके बारे में कदम उठाना चाहिये। मैंने दो उदाहरण आपके सामने रखे हैं क्योंकि यह लोगों की सुविधा से संबंधित है। कुछ मैंने डवलपमेंट के बारे में हमारी इनफार्मल मीटिंग्ज में भी कहा है। 1973 से हमने सुपर-फास्ट ट्रेनें चलाई हैं। मगर इसके मुकाबले में हमें जितनी लोकल ट्रेन चलानी चाहिये, वह हम नहीं चला रहे हैं। मैंने बजट पर बोलते हुये कहा था कि हमारा भड़ौच और वापी सारे एशिया में बिगेस्ट इंडस्ट्रियल बेल्ट है, वहां कर्मचारियों की सुविधा के लिये लोकल ट्रेंस चलाने की मांग काफी समय से चली आ रही है। उस समय इस संबंध में मंत्री श्री जाफर शरीफ जी ने वायदा भी किया था। मैं यह चाहूंगा कि हमें कर्मचारियों के लिये ज्यादा सोचने की आवश्यकता है। कल ही मैंने कहा था कि जितनी मेल, एक्सप्रेस और सुपर फास्ट ट्रेन हैं, उनमें पेंटरी कार लगानी चाहिये। अवश्य चाहिये। गोआ से दिल्ली ट्रेन में 44 घंटे लगते हैं लेकिन उसमें पेंटरी कार नहीं लगाई गई है। जहां जहां भी ऐसी आवश्यकता होती है, वहां हमें यह सुविधा देनी चाहिये। गुजरात के बारे में सिर्फ ढाई करोड़ रुपये एलोकेशन किया गया था। बहुत कम हुआ है। मैं चाहूंगा कि यह धन राशि बढ़ाई जाय। वेस्टर्न रेलवे में जो साऊथ गुजरात का हिस्सा पड़ता है, कुछ डबलपमेंट का काम नहीं हो रहा है जो कि होना चाहिये। मैंने पहले भी कहा था कि अमालसाड और बिलिमोरा के बीच में ब्रिज नम्बर 372 जो 1968 में तोड़ा गया था क्योंकि यह छोटा ब्रिज था, उसको बड़ा बनाया गया है मगर जो पहले ब्रिज के साथ चलने के लिये एक एडजासेंट रास्ता था नया ब्रिज बनाने के बाद यह सुविधा नहीं दी गई है जिससे लोगों को कई सालों से कठिनाई हो रही है। इसके बारे में सोचने के लिये सरकार से गुजारिश करूंगा। पहले भी वापी, नवसारी, मरोली के फुट ब्रिज के बारे में मैंने जिक्र किया था। नवसारी और पोरबंदर जो हमारे इंटरनेशनल हिस्टोरिकल्स प्लेस है, वहां की अमेनीटीज के बारे में मैंने पहले भी कहा था। वहां पर लाखों लोग हिस्टोरिकल्स प्लेस को देखने के लिये आते हैं, इसलिये कम से कम इन स्टेशंस को आदर्श बनाया जाना चाहिये। मैं यह नहीं कहता कि 100 परसेंट किया जाय परन्तु जितना ही सकता है उतना, हमें जरूर सोचना चाहिये। देश विदेश से हजार पर्यटक यहां आते हैं। पोरबंदर, नवसारी, डांडी हिस्टोरिकल प्लेस हैं, इसलिये मैं चाहूंगा। हम भारत छोड़ो आन्दोलन फ्रीडम फाइटर्स के बारे में 50वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। यहां 22 अगस्त, 1942 को वसार के पास मटवाड़ा विलेज में तीन लोग शहीद हुये थे। मुझे लगता है कि नवसारी स्टेशन और पोरबंदर स्टेशन को हम डवलप करने की कोशिश करें। सर, मैं यह कहना चाहूंगा कि डिमांड और सप्लाई के बीच में बड़ा अन्तर है। हम आठवीं प्लान में सोच रहे हैं, मैं सच कह रहा हूं आप घंटी बजाने वाले हैं, मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा क्योंकि वक्त ज्यादा नहीं है। फिर भी कुछ फील्डस ज्यादा नहीं है, कैच पकड़ी वाले नहीं हैं, इसलिये चौका छक्का लगाने की सुविधा है। इसलिये मैं आपसे रिक्वेस्ट करूंगा कि एक दो मिनट ज्यादा मिल जायें। मैं यह कह रहा था कि डिमांड और सप्लाई में बड़ा अन्तर है। हमारी आठवीं पंचवर्षीय योजना में हमने पांच प्रतिशत प्रगति का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसमें हमें 21247 कोचेज चाहियें। 21,497 हमें कोचेज चाहिये, 2,247 हमें ई० एम० यू० रैक्स चाहिये। मगर हम जानते हैं, आप जानते हैं और सारा देश जानता है, हमारे आदरणीय मंत्री जी भी जानते

हैं कि हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर की क्या सिचुएशन है। ई.एम.यू. सैक्स की बात मैंने बार बार कही है। मैंने कोचेज की बात भी बार बार कही है कि कोचेज बनाने के लिये जहां पोटेंशियलिटी हैं वहां हमें कोचेज ज्यादा बनाने चाहिये। वेस्टर्न रेलवे में ई.एम.यू. सैक्स है जो विरार तक है और विरार टु बलसार बलसार टू बड़ौडा और बड़ौदा टू अहमदाबाद – तथा ईस्टर्न रेलवे में भी है तो यहां ज्यादा चलते फिरते रहते हैं। जी.टी. रोड़ और हाइवे नं. 8, इन का हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता हैं। तो इनका दबाव कम करने के लिये मुझे लगता हैं कि ई.एम.यू. रैक्स की सुविधा वेस्टर्न रेलवे में जितनी जल्दी हो सके मुहैया करायी जाय, चाहे हम वर्ल्ड बैंक से धनराशि लें चाहें हिन्दुस्तान से ही धनराशि जुटाये, मगर मुझ गलता है कि यह आवश्यकता है।

मैंने एक बात और यह कही है कि हर साल हमारे 858 हजार कर्मचारी रिहा होते हैं (समय की घंटी) और 19 हमारे जो भर्ती बोर्डस हैं उनके जरिये इतने ही कमट्टचारी हम सूते रहते हैं मगर रेलव मिनिस्ट्री ने 50 परसेंट कटौती करने का आदेश दिया है। मैंने कह ही रहा था कि हर एक डिपाटट्रमेंट कटौती करने की कोशिश कर रहा है। हम कहते हैं कि 8वें ड्राइव इयर प्लान में और इसके बाद 10 साल में 2,000 तक 10 हजार करोड़ को इम्प्लायमेंट देंग इसलिये मुझ लगता है कि जहां जहां इम्प्लायमेंट जनरेशन की सुविधा है वहां हमें इस सुविधा का इस्तेमाल करना चाहिये और यह हिन्दुस्तान है, हिन्दुस्तान में जो सिस्टम अपनाना चाहिये अगर वह सिस्टम हम नहीं अपनायेंग तो मझ वगता है कि इम्प्लाय) लगता है कि समस्या एसी बढ़ जायेगी कि मुझ लगता है कि वह हिन्दुस्तान में जो कोई शासन करने वाला होगा उसको खा जायेगी। इसलिये मेरा आपके जरिये मठलालय से गुजारिश र कि इतना परिश्रम उठाते हैं तो इम्प्लायमेंट जनरेशन के बारे में कुछ कदम उठाने के लिये कुछ गंभीरता से सोचेंग। मैं एसी भावना इस सदन में व्यक्ति करता चठ।

मैं एक मिनट में अपना काम पूरा करूंगा। अभी अभी मैंने जसुना है कि हम ए. सी. चेयर कार को निकाल रहे हैं। हमारे पास सेकेंड ए. सी कोचेज तो ज्यादा नहीं है। जाने पर कई लोगों को रिजरवेशन नहीं मिलता हैं। अहमदाबाद जैसे मान लीजिये हमारे ए.सी. एक्सप्रस 2953 और 2954 में, ए.सी. एक्सप्रस में काढ़ी चेयर कार में जगह रहती है, खाली ट्रन रहती है। हमारे सूरत के लिये 20 का कोटा है, दिल्ली टू सूरत। ट्रन खाली जाती है। यह हमारा खुद का एक्सपीरियस है। तो हम क्यों नहीं 75 तक इसका कोटा बढ़ायें। जो डिमांड है सूरत की। नौकरीके बारे में मैंने एक बात कही थी। जो अहिंसा एक्सप्रस पुण से अहमदाबाद चलती है और जो अवंतिका एक्सप्रस है दोनों को–नौसारी, अहमदाबाद एक्सप्रस रूकती है मगर सप्ताह तक की जाय और अवंतिका एक्सप्रस को नौसारी में रुकबाने के लिये मैंने बार बार आपसे कहा र। आपने काफी सहायता की है। एसी बात नहीं है कि हमें सहकार नहीं मिला है। मैं आभार व्यक्त करना हूं। मैं शुक्रगुजार हूं कि काफी कोआपरेशन हमें रेलव मंत्रालय की ओर से मिला है। फिर भी मैं यह कहना चाहूंगा कि हम बड़ लोगों को खुराक देते जा रहे हैं, अहमदाबाद को, सूरत को, बड़ौदा को, बम्बई को। मगर जो और स्टशंस डवलप हो रहे हैं उनको हम ज्यादा सुविधा नहीं दे रहे हैं। मान लीजिये नयी ट्रन चलाते हैं तो हमें नयी पालिसी बनानी चाहिये कि हम एक ट्रन को बड़ौच स्टापेज दें, नौसारी स्टापेज दें, वापी स्टापेज दें। बड़ बड़ शहरों को छोड़कर नये स्टशंस को हम स्टापेज दे दें तो इसमें मुझ लगता है कि हम लोगों को सुविधा टु पायेंग और हमारी पालिसीज में जनता की विश्वास आयेगा।

मैं दुबारा रेलवे मंत्रालय का आभार मानूंगा । मैं इस बिल का स्वागत करता हूं और मैंने जो कुछ बातें कही हैं उनके बारे में गंभीरता से कुछ प्रतिक्रिया करने के लिये मैं विनती करता हूं । धन्यवाद ।

SHRI MENTAY PADMANABHAM (Andhra Pradesh); Thank you, Sir, Sir, probably I am the 5ast speaker.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); Last but one.

SHRI MENTAY PADMANABHAM As far as this Appropriation Bill is *concerned,* instead of speaking of issues concerning the development and financial viability etc, of the Railways, I would .ike to speak on some issues, some points, which require immediate attention of the Railway Minister.

Many of our colleagues have spoken. They have pointed out the need for improving the facilities given to the railway passengers, particularly in the field of catering and providing greater facilities and cleanliness at the stations etc. etc.

Sir, one very important issue I would like to raise here is the rate of accidents. Recently the rate of accidents has been increasing. I do not know what the reasons are. In reply to an Unstarred question of mine, the Railway Minister gave a reply that between January and March, this year 80 accidents took place On the South-Central Railway. After March also there were a number of accidents. As recently as last week there were three accidents in two days. This is really a very unfortunate affair, three accidents in two days. The Godawari Express met with an accident. The Konark Express which runs between Secunderabad and Vishakapatnam, met with an accident Then, one goods train got derailed near warangaS. What are the reasons for these accidents? Has the Railway Ministry gone into them in detail? What proposals or what preventive measure is the Railway Ministry taking to prevent the recurrence of accidents.

Sir, the Railway Safety Commission is there. This is a statutory commission. Some of these accidents are referred to the Railway Safety Commission. But what are the recommendations off the Railway Safety Commission? Have they identified the reasons for these accidents? Have they studied accident by accident and found out the reasons? Have they suggested any preventive measures? These are the things which require the attention of the Railway Ministry because people are losing their faith in the Railways. The common man is afraid of travelling by the railways because the does not know whether he will reach his destination at all. Therefore, i request the Railway Miinster to take special interest in this matter and, if accessary, appoint a high-powered *pom*-mission which will go into the reasons for the increase in the railway accident*.

Sir, there is another aspect here. When particular accident % referred to in the Railway Safety Commission, according to me—I am subject to correction by the Railway Ministry—the Commission is taking inordinate time, a lot of time, to go into the matter, prepare a report and place it before the Railway Ministry, If this is the case, how can the Railway function? The Railways are handicapped. The Railways do not know the reasons tor these accidents. Thetefcre, Sir, this is one area which requires immediate attention of the Railway Ministry.

Another point, Sir, coming to our local problem.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Your time is exhausted.

SHRI MENTAY PADMANABHAM: Only one minute, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); Try to conclude.

SHRI MENTAY PADMANABHAM: The Railway Minister promised that he would run a Rajdhani Express from Delhi to Hyderabad. We were told-it appeared in the Press—that it would

[Shri Mentay Padmanabham]

be started in June. Later on it was postponed to July. Later on again it was postponed to some other date. I would like to know from the Railway Minister when re is going to introduce it because it will connect the North and the South. We are very much interested in these trains. I have been 5.00 P.M.
requesting both the Cabinet Railway Minister as well as the Minister of State for Railways for AC 2-Tier compartments in one or two Express trains. They are not able to do it. For the last one and a half years ot two years they have not been able to introduce it. I ha-also been requesting them to provide one AC 2-Tier compartment in the Sarita Express, which runs from Kakinada to Madras. They have not been able to provide that afeo. What are the reasons for all this? Are there really any handicaps? I would like to know whether' they are really interested in giving these services to the railway travelling public? These are the things which I would 1ike to know from the hon. Minister.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.A. BABY); There are two more speakers. The Minister also has to reply One name is there for the third reading. At 5 o' dock -the Minister is to make a statement. It is 5 o'clock now. So, I would like to hear from the Parliamentary Affairs Minister.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): We have to complete the discussion on the Railways, but anyway the Statement can be made now. Clarifications can be postponed. At 5.30 the Prime Minister is also coming to make a statement. I have also been given time for another statement. In between after the statements the speeches can continue. Both of us can complete the statement part now.

THP, VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY):' But what about the Railways?

SHRI M. M. JACOB; We can continue in between.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): What about the clarificaT tons?

SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL: There is a half-an-hour discussion also.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): This cars hs postponed *till* Monday. *(Interruptions)*

SHRI M. M. JACOB; That is why I suggested let us now have both the statements now. The Railpay Minister will.. .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); Are the Members prepared to forego their right ,to seek clarifications?

SHRI VIDUTHALAI VIRUMBI; No. We can postpone it. Let him make the statement. We can postpone clarifications till Mdnday. Let the Railway de-bats continue.

STATEMENT BY MINISTER

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECH NOLOGY, DEPARTMENT OF ELEC TRONICS AND DEPARTMENT OF OCEAN DEVELOPMENT AND MINIS TER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. R. KUMARAMANGALAM): Sir. I am delighted to inform the Honourable Members of the House that the first indigenously built second generation multipurpose geostationary satellite, INSAT-2A has been successfully placed in its orbital position and all the payfoads have been switched on,

The 1906 Kg satellite was successfully launched by the Arianoc launch vehicle on 10th July 1992 and was injected into a geostationary transfer orbit. Immediately following the launch several critical manoeuvres have been carried out using the systems on board the satellite. The